**मनमानी** — दुकानों के निर्माण के बाद पेयजल टंकी निर्माण की तैयारी

# ग्रीन बेल्ट की जमीन के पुराने पेड़ काटे, फव्वारा तोड़ा



**मंडला 7 सितंबर नभाप्र.** नगरीय निकाय मंडला की ग्रीन बेल्ट की जमीन भी अब सुरक्षित नहीं बची है। आरोप है कि नगरीय निकाय के द्वारा ग्रीन बेल्ट की जमीन पर लगे पुराने विशाल पेड़ो को काट दिया गया है। कई सालो पहले बना फव्वारा को भी तोड़ दिया है। एक ओर बाऊड्रीबॉल को तोड़कर दुकानो का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके साथ अमृत 2.0 के तहत पेयजल टंकी निर्माण करने की तैयारी है। निकाय के द्वारा मनमानी से निर्माण कार्य किए जा रहे है। इसको लेकर नपा परिषद पार्षदो के द्वारा विरोध के स्वर नहीं फूट रहे और ना ही जिला प्रशासन के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बताया गया है कि नगरीय निकाय मंडला के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए कोई काम नहीं किया गया है। यहां चौबीस वार्डो में नपा के सिर्फ दो पार्क है। जिसमें पेड़ कम पौधे व झाड़िया अधिक लगे हुए। थोड़ी बहुत हरियाली सड़क किनारे लगे फल व छायादार पेड़े से रही है। जिसे नगर पालिका ने सड़क चौड़ीकरण के लिए बर्बाद कर दिया। नगर पालिका ने सबसे पहले पड़ाव सड़क के दोनो के पेड़ काटे, इसके बाद बड़ चौराहा से लेकर नेहरू स्मारक और महाराजपुर की मुख्य सड़क किनारे पेड़ो का कत्लेआम किया। एक मात्र शेष रह गई ग्रीन बेल्ट की जमीन जो नपा के टाऊन के सामने है। उस पर भी नपा के द्वारा ही निर्माण किए जा रहे है। यहां स्टेडियम की ओर सड़क किनारे बाऊड्रीबॉल को तोड़कर करोड़ो की लागत से दुकानो का निर्माण किया जा रहा है। बेल्ट की जमीन पर अमृत 2.0 के तहत पेयजल टंकी का निर्माण करने की तैयारी है। इन निर्माण कार्यों के चलते ग्रीन बेल्ट की जमीन ही नहीं रहेगी। जो नियम विरूद्ध है। इसको लेकर नगर पालिका परिषद के सदस्य व पार्षद तक विरोध करने को तैयार नहीं है।

### परिषद कर चुकी विरोध

बताया गया है कि नगर पालिका परिषद मंडला वर्ष 2018 से 2022 के कार्यकाल के बीच नपा टाऊन हॉल के सामने ग्रीन बेल्ट की जमीन पर निर्माण कार्यो का प्रस्ताव लाया गया था। यहां नगर पालिका परिषद के पार्षदो के द्वारा विरोध किया था कि नगरीय निकाय क्षेत्र का विस्तार हो रहा है। निकाय कार्यालय परिसर के पास बहुत कम जमीन है। यह ग्रीन बेल्ट के लिए सरंक्षित है। भविष्य में नगर पालिका को ही जमीन की आवश्यकता होगी। पार्षदो के विरोध के चलते ग्रीन बेल्ट जमीन की बाऊड्रीबॉल को ही तोड़ा, कुछ पेड़ो को काटा गया। निर्माण कार्य नहीं किया गया लेकिन अब फिर से नपा ने प्रस्ताव बनाकर निर्माण कार्य करने की तैयारी कर ली है।

### नियमों विरूद्ध किए जा रहे निर्माण कार्य



नपा ग्रीन बेल्ट के लिए चिह्नित जमीन पर ही पेयजल टंकी का निर्माण कर रही है। इसके लिए टेंडर भी हो गया है। जो कि एनजीटी नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल नियम के खिलाफ है। यदि ग्रीन बेल्ट घोषित क्षेत्र में नपा निर्माण कार्य करेगी तो उस पर कार्रवाई की तलवार चल सकती है। ग्रीन बेल्ट या हरित पट्टी शहरी क्षेत्र की ऐसी संरक्षित भूमि होती है जहां विकास व निर्माण पर प्रतिबंध हैं। ग्रीन बेल्ट हवा की गुणवत्ता सुधारने, प्रदूषण कम करने और पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जिसका उल्लंघन करने से पर्यावरण को नुकसान होता है।

### इनका कहना है

नगरीय निकाय मंडला ग्रीन बेल्ट की जानकारी नहीं है। टाऊन एवं कंट्री के मास्टर प्लान में अंकित होगी। पेयजल टंकी का निर्माण ग्रीन बेल्ट की जमीन पर हो रहा या नहीं यह दस्तोवज देखकर ही बता पाऊगा।

**जय प्रकाश डेहरिया**
उपयंत्री, नपा



## 80 डब्बों में भरा महुआ लहान जब्त, किया नष्ट

89750 रुपए की महुआ लहान एवं कच्ची मदिरा बरामद

**मंडला 7 सितंबर नभाप्र.** मंडला जिले में मदिरा के अवैध संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध की गई कार्यवाही में ग्राम गोंझी क्षेत्र में नर्मदा नदी के किनारे मदिरा निर्माण करने वाले अड्डों पर दबिश दी कार्यवाही की गई। आबकारी विभाग की इस कार्यवाही में लगभग 80 डब्बों में महुआ लहान भरा मिला। जिसकी अनुमानित मात्रा 800 किलो है। इसके साथ ही 65 लीटर हाथ भट्टी कच्ची मदिरा बरामद किया गया।

बताया गया कि जब्त मदिरा लहान को आबकारी पुलिस बल ने मौके पर नष्ट कर दिया है। जप्त मदिरा और लहान की अनुमानित कीमत 89 हजार 750 रूपए बताई है। बताया गया कि आबकारी बल के पहुंचते ही मौके से आरोपी फरार हो चुके थे। आबकारी पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

इस कार्यवाही में आबकारी उपनिरिक्षक सर्वेश नागवंशी प्रधान आरक्षक दुर्जन कुलेश, हरे सिंह, आरक्षक विजय कमलेश, सत्यपाल मरावी, ऋषभ शुक्ला, शकुन सैयाम, नेतराम ककोटिया, रघुनाथ उइके उपस्थित रहे।

## घुघरी में भक्तिमय माहौल में हुआ गणेश विसर्जन

दूसरे दिन देर रात तक चला चल समारोह और विसर्जन कार्यक्रम



**घुघरी 7 सितंबर नभाप्र.** अनंत चर्तुदर्शी के बाद दूसरे रविवार को भी श्री गणेश प्रतिमा का विसर्जन देर रात्रि तक चलता रहा। घुघरी में बड़े ही धूमधाम और भक्तिभाव से गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए चल समारोह निकाला गया। जिसमें डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए हजारों लोग शामिल हुए। घुघरी नगर के विभिन्न पंडालों से गणेश प्रतिमाओं को विसर्जन स्थल तक ले जाया गया। यह जुलूस पूरे घुघरी क्षेत्र से होकर गुजरा, जहां हर गली-मोहल्ले में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। युवाओं ने जमकर डांस किया, जबकि महिलाएं और बच्चे भी भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। विसर्जन स्थल पर पहुंचने पर भक्तों ने नम आँखों से भगवान श्री गणेश को विदाई दी। गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ प्रतिमाओं को विधिवत सरोवर में विसर्जित किया गया।

### चल समारोह में सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

पूरे विसर्जन कार्यक्रम के दौरान घुघरी पुलिस और राजस्व विभाग की टीमें मुस्तैद रहीं। घुघरी थाना प्रभारी पूजा बघेल, राजस्व निरीक्षक बलराम भगत और मुख्यालय पटवारी आशीष रंगारी के नेतृत्व में विशेष टीम तैनात की गई थीं, जिससे यातायात सुचारू रहे और कोई भी अप्रिय घटना न हो। इन कड़े इंतजामों के कारण पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

## चंद्र ग्रहण, सूतक काल में बंद रहे मंदिरों के पट

**मंडला 7 सितंबर नभाप्र.** रविवार की रात लगे चंद्र ग्रहण के कारण सूतक काल दोपहर 12 बजे के बाद प्रारंभ हो गया था, जिसके चलते मंडला के सभी मंदिरों के पट बंद कर दिए गए थे। ग्रहण से 9 घंटे पहले ही सभी मंदिरों के पट बंद कर दिए गए। जहां सूतक काल के पहले सुबह मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद साफ-सफाई कर कपाट बंद कर दिए गए।

बताया गया कि माहिष्मती घाट के मंदिर भी बंद रहे। चंद्र ग्रहण के सूतक काल के चलते माहिष्मति घाट पर प्रतिदिन होने वाली मां नर्मदा की संध्याकालीन महाआरती भी नहीं की गई। यह पहला मौका है जब ग्रहण के चलते महाआरती को रोका गया है। अब आज 8 सितंबर को ब्रह्म मुहूर्त में स्नान, ध्यान के बाद मंदिरों का शुद्धिकरण किया जाएगा। जिसके बाद भगवान को स्नान कराकर दर्शन के लिए पट खोले जाएंगे। इस दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की पूजा या दर्शन करने की अनुमति नहीं है।

## एनएच-30 के जानलेवा गड्ढों ने ली एक की जान, ट्रक पुल की रेलिंग तोड़कर पुल में लटका

- स्टियरिंग में करीब दो घंटे फंसा रहा ट्रक चालक
- नेशनल हाईवे 30 में दोनों तरफ लगा रहा जाम
- बदहाल सड़क और विभागीय लापरवाही पर उठे सवाल





**मंडला 7 सितंबर नभाप्र.** मंडला जबलपुर रायपुर नेशनल हाईवे 30 पर नारायणगंज के बालई पुल में शनिवार देर रात एक भयानक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की जान चली गई। सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए एक पेड़ से जा टकराया और बालई पुल में आधा लटक गया। इस दौरान एक राहगीर ट्रक की चपेट में आ गया, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना तत्काल टिकरिया पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही टिकरिया पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। हादसे के बाद हाईवे मार्ग के दोनों तरफ जाम लग गया था। टिकरिया पुलिस ने जाम को जैसे तैसे खुलवाया। जिससे आवागमन सुचारू हुआ। हादसे के प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नेशनल हाईवे 30 मार्ग में चालक देवी सिंह यादव निवासी छतरपुर 16 चका ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीसी 6400 को रायपुर से जबलपुर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान नारयणगंज के बालई पुल के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे वाहन की तेज रोशनी के कारण ट्रक चालक को सड़क दिखाई नहीं दी। सड़क पर मौजूद गड्ढों की वजह से उसने ट्रक से अपना नियंत्रण खो दिया और सीधे पुल के मुहाने किनारे लगे पेड़ से टकराते हुए पुल की रेलिंग से जा टकराया और पुल में आधा लटक गया। बताया गया कि इस भीषण सड़क हादसे में ट्रक चालक स्टीयरिंग में बुरी तरह फंस गया, जिसे ग्रामीणों और पुलिस की मदद से बड़ी मुश्किल से करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद ट्रक से बाहर निकाला गया। इस हादसे में ट्रक के परिचालक को मामूली चोटें आईं हैं। वहीं घटना के बाद हाईवे पर दोनों तरफ लंबा जाम लग गया, जिससे यातायात ठप हो गया। टिकरिया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और ग्रामीणों की मदद से धीरे-धीरे यातायात बहाल किया। बताया गया कि इस हादसे में नारायणगंज के ग्राम खैरी निवासी रोहित पटेल की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने इस हादसे की मुख्य वजह सड़क की खराब हालत बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में घटिया कार्य किया गया है और डामरीकरण का काम भी अधूरा और गुणवत्ताविहीन किया जा रहा है, जिसके कारण आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विगत कुछ दिन पहले ही इसी पुल पर एक हाइवा वाहन भी रेलिंग तोड़कर पुल के नीचे गिर गया था, लेकिन विभाग ने अब तक रैलिंग की मरम्मत नहीं कराई है। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत हाईवे मार्ग में स्थित पुल को सुरक्षित कराने की मांग की है, जिससे भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाएं घटित न हों।

## नैनपुर में मनाया पयुर्षण पर्व, निकाली शोभायात्रा



**नैनपुर 7 सितंबर नभाप्र.** नैनपुर जैन समाज ने इस वर्ष भी पर्युषण पर्व यानी दसलक्षण महापर्व को बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया। 10 दिवसीय महापर्व भक्ति और आनंद से परिपूर्ण रहा। प्रतिदिन सुबह जैन मंदिर में श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा और पूजा-पाठ किया गया। गढ़ाकोटा से आए संगीतकार वासु भैया की मौजूदगी में सभी कार्यक्रम भक्तिमय माहौल में संपन्न हुए। शाम के समय महावीर भगवान और आचार्य श्री की आरती संगीतमय और भक्तिभाव से की गई। पर्व के दौरान बच्चों और महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिसमें विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। इस महापर्व पर समाज की बेटी नेहा जैन और अमित सेठी मोनू जी ने 10 उपवास किए, जिसके लिए समाज ने उन्हें सम्मानित किया। पर्व के अंतिम दिन जैन मंदिर से श्रीजी का विमान नगर भ्रमण के लिए निकाला गया। यह शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस मंदिर में आकर संपन्न हुई। इस महापर्व को सफल बनाने के लिए समाज के सभी सदस्यों, वरिष्ठों, महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पर्व के समापन पर सकल दिगंबर जैन समाज कमेटी ने सभी लोगों से सामूहिक क्षमा याचना भी की।

## मंडला के महाराजा की विदाई आज, निकलेगा चल समारोह



**मंडला 7 सितंबर नभाप्र.** मंडला जिला मुख्यालय स्थित बस स्टेंड के महाराजा श्री गणेश को आज सोमवार को भावपूर्ण विदाई दी जाएगी। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर गणपति बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन भव्य चल समारोह के साथ किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होंगे। बताया गया कि बस स्टेंड मंडला से श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए विदाई समारोह आज सोमवार को दोपहर 1 बजे शुरू होगा। शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए यह चल समारोह नाव घाट स्थित विसर्जन कुण्ड पहुंचेगा, जहां गणपति बप्पा की प्रतिमा को विसर्जित किया जाएगा।

## जिलहरी घाट में उमड़ी भक्तों की भीड़ प्रशासन की अनदेखी से अंधेरे में विसर्जन



**मंडला 7 सितंबर नभाप्र.** अनंत चतुर्दशी के अवसर पर मंडला और आसपास के क्षेत्रों से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन करने के लिए जिलहरी घाट पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। शनिवार दोपहर से देर रात तक यहां चल समारोह के साथ प्रतिमा विसर्जन का दौर चलता रहा। जिसके कारण जिलहरी घाट में लोगों का तांता लगा रहा और घाट में आस्था और भक्ति का माहौल बना रहा। बताया गया कि पिछले कुछ वर्षों से जिलहरी घाट में गणेश विसर्जन के लिए एक प्रमुख स्थल बन गया है। इस वर्ष भी बड़ी संख्या में लोग अपनी श्रद्धा और भक्ति के साथ प्रतिमाएं विसर्जित करने पहुंचे। हालांकि भक्तों को इस दौरान अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ा। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने बताया कि स्थानीय प्रशासन या ग्राम पंचायत की ओर से घाट पर बिजली और प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। इस वजह से विसर्जन का पूरा सिलसिला घने अंधेरे में चलता रहा। भक्तों ने कहा कि धार्मिक आयोजन के लिए मूलभूत सुविधाओं की कमी प्रशासन की लापरवाही को उजागर करती है।

## नम आंखों से दी गणपति बप्पा को भक्तिभाव से विदाई

दूसरे दिन भी देर रात्रि तक जारी रहा गणेश विसर्जन का सिलसिला



**निवास 7 सितंबर नभाप्र.** अनंत चतुर्थदशी के बाद दूसरे दिन रविवार को भी निवास और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश विसर्जन का क्रम जारी रहा। धूमधाम और भक्ति भाव के साथ लोगों ने अपने प्यारे बप्पा को नम आँखों से विदाई दी। बताया गया कि निवास मुख्यालय के खेरमाई मंदिर समिति के सदस्यों ने गणपति को भक्तिभाव से विदा किया। इस दौरान निकले चल समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए दिखे। पूरे नगर में गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आना के जयकारे गूंज रहे थे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी दिखा उत्साह



निवास और ग्रामीण क्षेत्रो में गणेश विसर्जन का जोश दिख रहा था। पिपरिया और मेहरासिवनी गांव में सुबह से ही गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर शुरू हो गया था। मेहरासिवनी में बैंड-बाजों और आतिशबाजी के साथ भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसमें युवा और बच्चे उत्साह के साथ शामिल हुए। मेहरासिवनी में प्रतिमाओं को गांव में भ्रमण कराने के बाद स्थानीय जलाशय में विसर्जित किया गया। विसर्जन के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया स्कूल का दौरा, बच्चों से जाना हालचाल



**मंडला 7 सितंबर नभाप्र.** शिक्षा की गुणवत्ता को परखने और बच्चों की समस्याओं को समझने के उद्देश्य से जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने बिछिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोचा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला बोडाछपरी का औचक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों और शिक्षकों से खुलकर संवाद किया।

बताया गया कि जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने स्कूल परिसर और कक्षाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें स्कूल भवन का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त मिला। उन्होंने तत्काल इस स्थिति का संज्ञान लिया और स्कूल प्रबंधन को आश्वस्त किया कि जल्द ही मरम्मत का कार्य शुरू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई में किसी भी तरह की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि स्कूल में सभी आवश्यक सुविधाएं मौजूद हों।

जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों और बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही बेहतर भविष्य की नींव है। उन्होंने शिक्षकों को लगन और समर्पण के साथ बच्चों को पढ़ाने की सलाह दी।

## पैगंबर मुहम्मद की शिक्षाओं को अपनाने का दिया संदेश, मरीजों को बांटे फल

जमाअत-ए-इस्लामी की पहल



**मंडला 7 सितंबर नभाप्र.** पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की 1500वीं यौमे पैदाइश जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर जमाअत-ए-इस्लामी की वूमेंस विंग ने मंडला के जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए। इस नेक काम में गर्ल्स इस्लामिक ऑर्गनाइजेशन और चिल्ड्रंस इस्लामिक ऑर्गनाइजेशन के सदस्य शामिल हुए। उन्होंने मेल-फीमेल सर्जिकल और मेडिकल वार्ड के साथ वृद्धजन, शिशु और प्रसूता वार्ड में जाकर मरीजों को फल दिए। चिल्ड्रंस इस्लामिक ऑर्गनाइजेशन की जिया गौहर खान ने इस मौके पर कहा कि इस पवित्र महीने में जब पूरी दुनिया पैगंबर मुहम्मद की सीरत और शिक्षाओं को आम कर रही है, उसी कड़ी में यह मुहिम चलाई गई है। उन्होंने बताया कि इस पहल का मकसद यह है कि हम अपने नबी की रहमत और इंसानियत के लिए दिए गए बेहतरीन सिद्धांतों को अमल में लाएं और लोगों तक पहुंचाएं।

**अवैध उत्खनन** — स्थानीय अधिकारी और पुलिस की नाक के नीचे से हो रहा मुरम का अवैध खनन

## खनिज माफिया के हौसले बुलंद, प्रशासन की सुस्ती से बढ़ा अवैध खनन



**नारायणगंज 7 सितंबर नभाप्र.** मंडला जिले के नारायणगंज क्षेत्र में खनिज माफिया के हौसले बुलंद हैं और वे खुलेआम अवैध खनन को अंजाम दे रहे हैं। स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभागों की ढीली कार्यप्रणाली के कारण यह अवैध उत्खनन और परिवहन चरम पर पहुंच चुका है। सूत्रों के अनुसार नगर में तेजी से हो रहे निर्माण कार्यों, सरकारी इमारतों और सड़कों के लिए आवश्यक मुर्रम का अवैध खनन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है।

खनन माफिया ट्रैक्टरों, हाईवा और जेसीबी मशीनों का धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहे हैं। इस अवैध धंधे से न सिर्फ सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों का भी अंधाधुंध दोहन हो रहा है, जिससे पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंच रही है। बताया गया कि यह सब कुछ स्थानीय अधिकारियों और पुलिस की नाक के नीचे हो रहा है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत के बिना यह संभव नहीं है। उनका सवाल है कि आखिर ये खनन माफिया किन प्रभावशाली लोगों के संरक्षण में काम कर रहे हैं, जिसके कारण उनके खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

बताया गया कि क्षेत्रीय पुलिस थाना भी इन भू-माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने से कतरा रहा है। अगर समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाई गई, तो इसका असर क्षेत्र के पर्यावरण और सरकार की आय दोनों पर पड़ेगा। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, जिससे अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।



### इनका कहना है

कल मुर्रम के कुछ ट्रेक्टर देखे गए था लेकिन मेरी ड्यूटी विसर्जन में लगी थी, और मुझे सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक तहसील में बैठना होता है। साथ ही फील्ड मेरे अंतर्गत नहीं आती है, जिले में कर्मचारी की कमी होने के कारण आप माइनिंग विभाग से संपर्क करे।

**संगम पटले**
तहसीलदार, नारायणगंज